# हिमाचल प्रदेश बारहवीं विधान सभा

**(चौदहवां सत्र)**

**मौखिक उत्तर हेतु प्रश्न**

## वीरवार, 2 मार्च, 2017/ 11 फाल्गुन, 1938 (शक्)

----

**[मुख्य मंत्री - खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री - बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री - उद्योग मंत्री - आबकारी एवं कराधान मंत्री तथा ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री ].**

**कुल प्रश्न - 16**

----

**प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना**

***3678 श्री रविन्द्र सिंह(देहरा) :**
**श्री महेश्वर सिंह (कुल्लू) :**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) दिनांक 15.02.2017 तक "प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना" के अन्तर्गत कितनी योजनाओं का सर्वेक्षण कितने क्षेत्र के लिए किया जा चुका है; इनमें से कितनी योजनाओं की विस्तृत प्रोजेक्ट रिपोर्ट (DPR) तैयार कर केन्द्र सरकार को भेज दी गई है; ब्यौरा योजनाश: व क्षेत्रश: दें;

(ख) इन योजनाओं से कितना क्षेत्र सिंचित होगा व कितनी-कितनी राशि की DPR तैयार कर भेज दी गई है और कितनी स्वीकृत हुई है; ब्यौरा दें; और

(ग) जिला कुल्लू की प्रीणीनाला से बिजली महादेव योजना जिसका सर्वेक्षण जैन इरिगेशन द्वारा किया गया है को भी क्या इस योजना के अन्तर्गत स्वीकृति हेतु भेजा गया है; यदि हां, तो कब और इसकी अद्यतन स्थिति क्या है?

----

## नशाखोरी का प्रचलन

***3679 डॉ0 राजीव सैजल (कसौली):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि गत तीन वर्षों में प्रदेश में नशाखोरी का प्रचलन बढ़ा है;

(ख) यह नशा कितने प्रकार का है व इसमें सबसे ज्यादा प्रचलित कौन सा है; सरकार द्वारा क्या ऐसा कोई अध्ययन किया गया है; और

(ग) प्रदेश में कौन-कौन से क्षेत्र सबसे ज्यादा प्रभावित हैं; नशे के कारोबारियों के विरूद्ध वर्ष 2014 से दिनांक 15-2-2017 तक कहां-कहां कार्रवाई की गई; ब्यौरा दें?

----

## उद्योग में रोज़गार

***3680 श्री राकेश कालिया (गगरेट):**

क्या **उद्योग मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत तीन वर्षों में गगरेट विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के औद्योगिक क्षेत्र के अन्तर्गत लुमिनस उद्योग और उसकी इकाइयों में कितने लोगों को रोज़गार दिया गया और यह इकाई (Unit) क्या सरकार द्वारा निर्धारित हिमाचलियों को रोज़गार देने के मापदण्डों को पूर्ण करती है या नहीं; ब्यौरा दें?

----

## Aid to Sports Associations

***3681 Sh. Jai Ram Thakur (Seraj):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state that during last three years how much amount has been sanctioned as grant-in-aid and under other heads to various sports Associations in the State; details of the amount and the name of the Associations be given?

----

## नमक पर आधारित उद्योग

***3682 श्री गुलाब सिंह ठाकुर (जोगिन्द्रनगर):**

क्या **उद्योग मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि केन्द्र सरकार ने प्रदेश सरकार के आग्रह पर जिला मण्डी के द्रंग नामक स्थान पर हिन्दुस्तान सॉल्ट निगम के नमक पर आधारित उद्योग स्थापित करने की प्रक्रिया शुरू की थी; यदि हां, तो उसकी नवीनतम स्थिति क्या है; और

(ख) इस उद्योग द्वारा कब तक नमक बनाना शुरु किया जाएगा?

----

**Kundi Helipad**

***3683 Smt. Asha Kumari (Dalhousie):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state that:-

(a) how much funds are required for completion of Helipad at Kundi near Salooni; and

(b) by when the funds are likely to be made available?

----

**प्रधानमंत्री कृषि बीमा योजना**

***3684 श्री विनोद कुमार (नाचन):**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि नाचन विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत प्रधानमंत्री कृषि बीमा योजना के अन्तर्गत कितने किसानों का बीमा किया गया है; ब्यौरा पंचायतवार नाम सहित दें?

----

**FIR against HRTC Officials**

***3685 Sh. Narinder Thakur (Sujanpur):**

Will the **Food, Civil Supplies & Consumer Affairs Minister** be pleased to state that:-

(a) whether it is a fact that court has recently given direction to register a FIR against few HRTC officials;

(b) whether the same has been registered; and

(c) If yes, what action has been taken by the Government against those officials?

----

**विपणन समिति ढली**

***3686 श्री रविन्द्र सिंह (देहरा):**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि वर्ष 2009-10, 2010-11, 2011-12 व 2012-13 के दौरान विपणन समिति ढली, शिमला में विभिन्न कार्यों हेतु

प्राप्त आय व व्यय का ब्यौरा सभा पटल पर रखें?

----

## इंजीनियर की मृत्यु

***3687 श्री महेश्वर सिंह (कुल्लू):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि दिनांक 11.6.2016 को एक इंजीनियर की विभाग एवं ठेकेदार की लापरवाही के कारण गुम्मा, बाघी रोड़ जिला शिमला में चोट आने के फलस्वरूप IGMC के बाहर ही मृत्यु हो गई थी; और

(ख) यदि हां, तो क्या विभाग को इस सन्दर्भ में कोई शिकायत प्राप्त हुई थी; यदि हाँ, तो इस सन्दर्भ में क्या कार्रवाई की गई; ब्यौरा दें?

----

## राजकीय महाविद्यालय धर्मपुर

***3688 डॉ0 राजीव सैजल (कसौली):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि सरकार द्वारा राजकीय महाविद्यालय धर्मपुर के भवन निर्माण हेतु क्या पग उठाए जा रहे हैं; ब्यौरा दें?

----

## ऑटोमोबाइल ट्रेड

***3689 श्री राकेश कालिया (गगरेट):**

क्या **खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गगरेट विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में डॉ0 भीमराव अम्बेदकर पॉलीटेक्निकल कॉलेज में तकनीकी शिक्षा के कितने ट्रेड हैं; और

(ख) वर्तमान में इसमें क्या ऑटोमोबाइल का ट्रेड है; यदि नहीं, तो क्या सरकार इस ट्रेड को प्रारम्भ करने का विचार रखती है?

----

## त्रिवेणी महादेव विद्युत प्रोजेक्ट

***3690 श्री गुलाब सिंह ठाकुर (जोगिन्द्रनगर):**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि जिला मण्डी (जोगिन्द्रनगर) में त्रिवेणी महादेव विद्युत प्रोजेक्ट की अद्यतन स्थिति क्या है?

----

## Vacant posts

***3691 Smt. Asha Kumari (Dalhousie):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state that how many posts of all categories of lecturers are lying vacant in G.S.S. Schools in District Chamba and since when; details be given institution wise and category wise?

----

## पुलिस थाना सुन्दरनगर

***3692 श्री विनोद कुमार (नाचन):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) इस वित्तीय वर्ष में दिनांक 15 फरवरी, 2017 तक जिला मण्ड़ी में कितनी पुलिस चौकियों का उन्नयन किया गया और सरकार क्या पुलिस सहायता कक्ष (PAR) धनोटू का उन्नयन पुलिस थाना में करने का भी विचार रखती है; ब्यौरा दें; और

(ख) सुन्दरनगर में कितने पुलिस थाने हैं; ब्यौरा नाम सहित दें?

----

## उद्घाटन

***3693 श्री नरेन्द्र ठाकुर (सुजानपुर):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) गत तीन वर्षों में सुजानपुर विधान सभा चुनाव क्षेत्र के अन्तर्गत विभिन्न विभागों में कितने उद्घाटन किए गए; और

(ख) यह उद्घाटन किस-किस के द्वारा किये गये; ब्यौरा दें?

----

**शिमला: 171004.** **सुन्दर सिंह वर्मा,**
**दिनांक: 14 फरवरी, 2017.** **सचिव।**